स्वतंत्रता प्राप्ति के 78 वर्ष पूरे कर हम 15 अगस्त को 79वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं. यह दिन केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि भारतीय समाज और राष्ट्रजीवन का सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव है. यह हमें उस संघर्ष की याद दिलाता है, जिसमें देशवासियों ने गुलामी की बेड़ियों को तोड़ने के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया. औपनिवेशिक शासन ने न केवल भारत की आर्थिक समृद्धि को लूटा, बल्कि हमारी संस्कृति, शिक्षा, कौशल व सामाजिक संरचना को भी गहरी चोट पहुंचाई. कभी "सोने की चिड़िया" कहलाने वाला भारत, औद्योगिक लूट, शोषण और विभाजनकारी नीतियों के कारण गरीबी और बीमारी से जूझने लगा. ब्रिटिश शासन ने भारत की लोक संस्कृति को कमजोर कर, समाज को जातीय और साम्प्रदायिक आधार पर बांटा. इसका परिणाम यह हुआ कि देश के आम नागरिक अपने ही देश में उपेक्षित, शोषित व असहाय बन गए. परंतु यही पीड़ा स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा बनी. 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से लेकर 1947 तक लाखों लोगों ने अपने प्राणों की आहुति देकर स्वतंत्रता की ज्वाला को जीवित रखा. आखिरकार 15 अगस्त 1947 को देश आज़ाद हुआ, लेकिन इसके साथ विभाजन का गहरा घाव भी मिला. आजादी का यह दिन हमें अपने अतीत की स्मृतियों से जोड़ता है और साथ ही भविष्य के लिए नए संकल्प लेने की प्रेरणा देता है. आज भारत एक सर्वभौम, संवैधानिक, लोकतांत्रिक राष्ट्र है. लेकिन यह भी सच है कि स्वतंत्रता का अर्थ केवल राजनीतिक आजादी नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक समृद्धि भी है. आज भी हमारे सामने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, समान अवसर और सामाजिक सद्भाव जैसे अनेक अधूरे कार्य हैं, जिन्हें पूरा करना आने वाली पीढ़ियों की जिम्मेदारी है. भारत प्राचीन काल से ज्ञान, विज्ञान और कौशल का अग्रदूत रहा है. हमें अपनी शिक्षा प्रणाली को केवल साक्षरता तक सीमित न रखकर, संस्कृति-आधारित, कौशल-प्रधान और चरित्रनिर्माण पर केंद्रित बनाना होगा. अर्थव्यवस्था में भी केवल प्रति व्यक्ति आय का आंकड़ा ही पर्याप्त नहीं, बल्कि हर व्यक्ति को गरिमापूर्ण जीवन और रचनात्मक योगदान का अवसर मिलना चाहिए. उत्पादन में श्रेष्ठता, बाजार में निष्पक्ष अवसर, और समाज के कमजोर वर्गों के लिए सुरक्षा व समर्थन-ये तीन स्तंभ आजादी के वास्तविक अर्थ को हर घर तक पहुंचा सकते हैं. आज विश्व अशांति के दौर से गुजर रहा है. अनेक सामरिक तैयारी को प्राथमिकता दे रहे हैं, जिससे अर्थव्यवस्था और मानव विकास प्रभावित हो रहा है. राजनीति का लक्ष्य भी कई बार केवल सत्ता प्राप्ति तक सीमित रह जाता है. ऐसे समय में शांति, सद्भाव और सह-अस्तित्व की भारतीय सोच और भी प्रासंगिक हो जाती है. हमारी विदेश नीति सदियों से विश्व बंधुत्व, 'वसुधैव कुटुंबकम्' और 'सर्वे भवंतु सुखिनः' के आदर्शों पर आधारित रही है. भारत के पास विश्व को समाधान, संतुलन और सहकार का रास्ता दिखाने की क्षमता है. इसलिए 15 अगस्त का जश्न हमें केवल अतीत की जीत की याद न दिलाए, बल्कि भविष्य की चुनौतियों का सामना करने का साहस भी दे. तिरंगा फहराने वाले युवा हाथ केवल उत्सव में ही नहीं, बल्कि नवाचार, शिक्षा, सामाजिक समरसता, आर्थिक आत्मनिर्भरता और पर्यावरणीय संतुलन के लिए भी प्रतिबद्ध हों. यही इस दिन का अभिनव संकल्प होना चाहिए. स्वतंत्रता दिवस का वास्तविक उत्सव तभी होगा, जब हम यह सुनिश्चित करें कि आजादी का लाभ हर नागरिक तक पहुंचे, समाज में शोषण और भेदभाव का नामोनिशान मिटे, और भारत विश्व मंच पर शांति, सद्भाव और समृद्धि का अग्रदूत बने. 15 अगस्त हमारे लिए महज जश्न नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी और रचनात्मक परिवर्तन का अवसर है-जिसे आने वाली पीढ़ियों के लिए और भी उज्ज्वल भविष्य में बदलना हमारी सबसे बड़ी देशभक्ति होगी.

# देश के परतंत्रता से स्वतंत्रता तक का सफर

अरविंद जयतिलक

**विजयी विश्व तिरंगा प्यारा का जयघोष से देश झंकृत और चमत्कृत है.**



**आजादी के बाद भारत का उद्देश्य एक शक्तिशाली, स्वतंत्र और जनतांत्रिक देश का निर्माण करना था. ऐसा भारत, जिसमें जातिवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद, आतंकवाद, नक्सलवाद, छुआछूत और शोषण के लिए स्थान न हो. आज भारत इसी लक्ष्य को हासिल कर रहा है.**

विजयी विश्व तिरंगा प्यारा के जयघोष से देश झंकृत और चमत्कृत है. स्वाभिमान से देश का माथा दमक रहा है. अटक से कटक और कश्मीर से कन्याकुमारी तक हर घर तिरंगा की ऊंची शान से लहरा रहा है. पर्वत, पठार नदियां, झरने सबसे आजादी के तराने प्रस्फुटित हो रहे. पक्षियों का कलरव, भंवरों का गुंजन और मलयगिरी से उठती सुगंधियां भारत की समृद्धि-समरसता और एकता-अखंडता के भाव को लयबद्ध कर रही हैं. सड़कों, संस्थानों व प्रतिष्ठानों से उठती इंकलाब की गूंजे और वंदेमात्रम के मधुर स्वर उन परवानों की याद दिला रहे हैं जिन्होंने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया. अधीनता से आजादी तक का सफर त्याग व बलिदान का हैं. समर्पण व संकल्प का यह उच्चतम भाव और अनवरत 78 वर्षों की साधना से ही आज भारत उपलब्धियों के आसमान पर है. इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए देश को कई बदलावों से गुजरना पड़ा. नतीजा आज देश संपूर्ण दुनिया को अपनी सामाजिक-आर्थिक व सांस्कृतिक उपलब्धियों की विराटता का बोध करा रहा है. आज भारत दुनिया का सबसे सफल लोकतांत्रिक देश बन चुका है जिसकी सराहना दुनिया भर में होती है. आजादी के बाद ही भारत ने अपने सभी नागरिकों को ढेरों अधिकार दे दिए जिससे नागरिकों को अपने व्यक्तित्व को संवारने की आजादी मिली. आज के भारत में जाति, धर्म, रंग, लिंग, गरीब व अमीर आदि के आधार समान है. जनमत का समर्थक भारत ने संसदीय शासन प्रणाली में सभी वर्गों को समान प्रतिनिधित्व प्रदान किया है. आज भारत में सत्ता प्राप्ति के लिए खुलकर प्रतियोगिता होती है और साथ ही लोगों को चुनाव में वोट के द्वारा अयोग्य प्रतिनिधियों को हटाने का मौका भी देता है. देश का संविधान राज्य के लोगों की स्वतंत्रता और उनके अधिकारों में अनुचित हस्तक्षेप करने का अधिकार सरकारों को नहीं दिया है.

भारतीय लोकतंत्र की खूबसूरती है कि राजनीतिक दल सभाओं, भाषणों, अखबारों, पत्रिकाओं तथा अन्य संचार माध्यमों से जनता को अपनी नीतियों और सिद्धांतों से अवगत कराते हैं. विरोधी दल संसद में मंत्रियों से प्रश्न पूछकर, कामरोको प्रस्ताव रख कर तथा वाद-विवाद द्वारा सरकार के भूलों को प्रकाश में लाते हैं. सरकार की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखते हुए उसकी नीतियों और कार्यों की आलोचना करते हैं. भारतीय लोकतंत्र में शिक्षण-संस्थाओं को सहायता देते समय राज्य किसी शिक्षण संस्था के साथ इस आधार पर भेदभाव नहीं करता है कि वह संस्था धर्म या भाषा पर आधारित किसी अल्पसंख्यक वर्ग के प्रबंध में है. इसी तरह भारतीय नागरिकों को सूचना प्राप्त करने का अधिकार हासिल है. इस व्यवस्था ने भारतीय नागरिकों को शासन-प्रशासन से सीधे सवाल-जवाब करने की नई लोकतांत्रिक धारणा को जन्म दी है. इस व्यवस्था से सरकारी कामकाज में सुशासन, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व बढ़ा है जिससे आर्थिक विकास को तीव्र करने, लोकतंत्र की गुणवत्ता बढ़ाने और भ्रष्टाचार को नियंत्रित करने में मदद मिल रही है.

सूचना के अधिकार से सत्ता की निरंकुशता पर अंकुश लगा है. 274 रुपए प्रति व्यक्ति आय के साथ शुरू हुआ आजादी का आर्थिक सफर आज भारत को दुनिया की ताकतवर आर्थिक महाशक्तियों की कतार में खड़ा कर दिया है. वह दिन दूर नहीं जब भारत 2040 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था का तमगा हासिल कर लेगा. आज भारत की अर्थव्यवस्था 4 ट्रिलियन डॉलर के पार पहुंच चुकी है. प्रति व्यक्ति आय भी एक लाख रुपए से पार है. यह भारत की समृद्धि, ताकत और तरक्की की पहचान है. सच कहें तो आज भारत हर रोज तरक्की की नई इबारत लिख रहा है. कल-कारखाने, उद्योग धंधे और औद्योगीकरण से विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है. औद्योगीकरण और वैश्वीकरण ने भारतीय शिक्षा, विज्ञान व संचार के क्षेत्र को एक नया आयाम दिया है जिसके जरिए वह नए-नए इनोवेशन के जरिए दुनिया को अचंभित कर रहा है. आज देश में कई विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय और तकनीकी संस्थान हैं. कभी भारत अपने उपग्रह को स्थापित करने के लिए अमेरिका और रुस की मदद लेता था लेकिन आज इसरो हर रोज नया कीर्तिमान रच रहा है.

सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए देश में पोषण सुरक्षा की देखभाल राष्ट्रीय तैयार मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम, समन्वित बाल विकास योजना, किशोरी शक्ति योजना, किशोर लड़कियों के लिए पोषण कार्यक्रम और प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना चलायी जा रही है. राष्ट्रीय तैयार मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम पूरे भारत में चल रहा है. समन्वित बाल विकास योजना का विस्तार भी चरणबद्ध ढंग से हो रहा है. 11 से 18 वर्ष तक की उम्र की लड़कियों के पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी विकास के लिए सरकार ने किशोरी शक्ति विकास योजना को हर जगह लागू किया है.

भारत ने श्रम आंदोलन के तहत सामाजिक सुरक्षा को मजबूती देने के लिए राष्ट्रीय रोजगार गारंटी कार्यक्रम योजना को लागू किया है. सामाजिक सुरक्षा के तहत रोजगार सृजन और गरीबी उन्मूलन रणनीति के तहत सरकार द्वारा स्वरोजगार योजना और दिहाड़ी रोजगार योजना चलाया जा रहा है. खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग को संशोधित कर लघु एवं ग्रामीण उद्योगों के जरिए ज्यादा से ज्यादा रोजगार सृजन करने के लिए सुनिश्चित किया गया है. असंगठित क्षेत्र को सामाजिक सुरक्षा से लैस करने के लिए राष्ट्रीय उद्यम आयोग की स्थापना एक पारदर्शी निकाय के रूप में की गयी है.

आजादी के उपरांत भारत का उद्देश्य एक शक्तिशाली, स्वतंत्र और जनतांत्रिक भारत का निर्माण करना था. ऐसा भारत जिसमें सभी नागरिकों को विकास और सेवा का समान अवसर मिले. ऐसा भारत जिसमें जातिवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद, आतंकवाद, नक्सलवाद, छुआछूत, हठधर्मिता और मनुष्य द्वारा मनुष्य के शोषण के लिए स्थान न हो. आज भारत इसी लक्ष्य को तेजी से हासिल कर रहा है.

## आज का इतिहास

**1854:** ईस्ट इंडिया रेलवे ने कलकत्ता से हुगली तक यात्री ट्रेन चलाई, हालांकि इसका संचालन 1855 में शुरू हुआ.
**1886:** भारत के महान संत एवं विचारक गुरु रामकृष्ण परमहंस का निधन.
**1947:** भारत को अंग्रेज़ों से आजादी मिली.
**1947:** पंडित जवाहरलाल नेहरू ने आजाद भारत के पहले प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली.
**1947:** रक्षा वीरता पुरस्कार-परमवीर चक्र, महावीर चक्र व वीर चक्र की स्थापना.
**1950:** भारत में 8.6 के तीव्रता वाले भूकंप के कारण 20 से 30 हजार लोग मारे गए.
**1972:** पोस्टल पिन कोड लागू किया गया.
**1982:** राष्ट्रव्यापी रंगीन प्रसारण और टीवी के राष्ट्रीय कार्यक्रम की शुरुआत.
**1990:** जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल आकाश का सफल प्रक्षेपण.
**2004:** ब्रायन लारा सबसे तेज 10,000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बने.

## मदद ऐसी करो कि जताने की जरूरत ही न पड़े कभी

**चिंतन**

एक नन्हा परिंदा अपने परिवार से बिछड़ कर आशियाने से दूर आ गया. उधर उसके के परिजन परेशान उसके आने की राह देख रहे थे.नन्हा परिंदा समझ नहीं पा रहा था कि वो आशियाने तक कैसे पहुंचे? वह उड़ान भरता पर बार-बार गिर जाता. एक अनजान परिंदा ये सब देख रहा था. कुछ देर देखने के बाद वो उस नन्हे परिंदे के पास पहुंचा. नन्हा परिंदा घबरा गया फिर सोचा शायद ये उसकी मदद करे और उसे घर तक पहुंचा दे. अनजान परिंदा- क्या हुआ काफी परेशान हो? नन्हा परिंदा- मैं रास्ता भटक गया और मुझे शाम होने से पहले अपने घर लौटना है. मुझे उड़ना अच्छे से नहीं आता. मेरे घर वाले परेशान होंगे. आप मुझे उड़ना सिखा सकते हैं? अनजान परिंदा-जब उड़ना नहीं आता, तो इतना दूर आने की क्या जरूरत थी? अनजान परिंदा हंसते हुए बोला- देखो मैं उड़ना जानता हूं. अपनी मर्जी से कहीं भी जा सकता हूं. इतना कहकर अनजान परिंदे ने उस नन्हे परिंदे के सामने पहली उड़ान भरी. वह फिर थोड़ी देर बाद लौटा और दो-चार कड़वी बातें बोल पुनः उड़ गया. ऐसा उसने कई बार किया और जब फिर वो वापस आया तो नन्हा परिंदा वहां नहीं था. अनजान परिंदा अपने मित्र से बोला - नन्हे परिंदे ने मेरे मज़ाक को अनदेखा कर मेरी उड़ान भरने वाली चाल पर ध्यान दिया और वह उड़ने में सफल हुआ. मैंने उस परिंदे में छिपी लगन देखी थी. जब मैंने उसको कोशिश करते देखा,तभी समझ गया इसे बस थोड़ी सी दिशा देने की जरूरत है और जो मैंने उसे दी और वो अपनी मंजिल को पाने में कामयाब हुआ.अब वो पूरी जिंदगी खुद से कोशिश करेगा और दूसरों से कम मदद मांगेगा. इसी के साथ उसमें आत्मविश्वास भी ज्यादा बढ़ेगा. मित्र परिंदे ने अनजान परिंदे की तारीफ करते हुए बोला, तुम बहुत महान हो, जैसे तुमने नन्हे परिंदे की मदद की वही सच्ची मदद है. दोस्तों, सच्ची मदद वही है जो मदद पाने वाले को महसूस न होने दे कि उसकी मदद की गयी. कई बार लोग मदद तो करते हैं पर उसका ढिंढोरा पीटते हैं. ऐसी मदद किस काम की. ये कहानी हम इंसानो के लिए भी एक सीख है कि हम लोगों की मदद तो करें पर उसे जताएं नहीं.

## इंडिया पर ट्रेंडिंग



1. #CoolieReview
2. #War2Review
3. #VoterAdhikarYatra
4. #GoGreen
5. #LambiGawahi
6. Power Couple 2025
7. भगवान बलराम
8. Arfeen Khan
9. Partition
10. 18W Reverse Charging

# बहुरंग



## हैं बॉलीवुड की 10 फिल्में, जो जगाती हैं देशभक्ति का जज्बा

शुभम संदेश डेस्क

बॉलीवुड में जंग-ए-आजादी की याद दिलाने वाली ऐसी कई देशभक्ति फिल्में बनी हैं, जो हमारी आजादी के संघर्ष की गाथा को बखूबी बयान करती हैं और देशभक्ति का जज्बा जगाती हैं. आइए, बताते हैं उन 10 फिल्मों के बारे में, जो आपके अंदर देशभक्ति की भावना जगाती हैं.

**शहीद- 1965:** 'शहीद' भारतीय स्वतंत्रता संग्राम पर आधारित फिल्म थी. भगत सिंह के जीवन पर 1965 में बनी यह देशभक्ति की सर्वश्रेष्ठ फिल्म थी. जिसकी कहानी स्वयं भगत सिंह के साथी बटुकेश्वर दत्त ने लिखी थी. मनोज कुमार ने इस फिल्म में शहीद भगत सिंह का जीवन्त अभिनय किया था.

**आनंद मठ- 1952:** फिल्म 'आनंद मठ' बंकिम चंद्र के नॉवल पर आधारित थी. इस फिल्म में 'वंदे मातरम' गीत का भी इस्तेमाल किया गया था.

**बॉर्डर- 1997:** फिल्म 'बॉर्डर' 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित थी. इस फिल्म की कहानी एक सत्य घटना से प्रेरित थी. फिल्म की कहानी 1971 मे हुए भारत-पाकिस्तान की लड़ाई से प्रेरित है, जहां राजस्थान में 120 भारतीय जवान सारी रात पाकिस्तान की टांक रेजिमेंट का सामना करते थे.

**चिटगॉन्ग- 2012:** फिल्म 'चिटगॉन्ग' 1930 के वाक्या पर आधारित थी, जिसमें एक स्कूल मास्टर (मनोज वाजपेयी) की अनुवाई में स्कूल के बच्चे और जवान औरतें अंग्रेजी हुकूमत से भिड़ जाते हैं.

**गांधी- 1982:** 'गांधी' मोहनदास करमचंद गांधी के वास्तविक जीवन पर आधारित फिल्म थी. फ़िल्म का निर्देशन रिचर्ड एटनबरो ने किया और इसमें बेन किंग्सले गांधी की भूमिका निभाई.

**हकीकत- 1964:** फिल्म 'हकीकत' ऐसे सैनिकों की टुकड़ी की कहानी थी, जो लद्दाख में भारत-चीन युद्ध के दौरान सोचते हैं कि मौत निश्चित है लेकिन कुछ सैनिकों को कैप्टन बहादुर सिंह (धर्मेंद्र) बचाने में सफल हुए थे.

**लक्ष्य- 2004:** 'लक्ष्य' 2004 में बनी हिन्दी भाषा की फरहान अख्तर द्वारा निर्देशित बॉलीवुड फिल्म थी. इसके अभिनेता ऋतिक रोशन, प्रीति जिंटा, अमिताभ बच्चन, ओम पुरी और बोमन ईरानी हैं. ऋतिक लेफ्टिनेंट करण शेरगिल (बाद में कार्यवाहक कप्तान) की भूमिका में हैं, जो अपनी टीम का नेतृत्व कर आतंकवादियों पर जीत पाते हैं. यह 1999 के कारगिल युद्ध के संघर्ष की ऐतिहासिक घटनाओं पर आधारित एक काल्पनिक कहानी थी.

**द लेजेंड ऑफ भगत सिंह- 2002:** 2002 में राजकुमार संतोषी की फिल्म 'द लेजेंड ऑफ भगत सिंह' में अजय देवगन भगत सिंह का किरदार निभाते नजर आए. फिल्म भगत सिंह की जिंदगी पर आधारित थी जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपनी जान न्यौछावर कर दी. 'द लेजेंड ऑफ भगत सिंह' हमें विस्तार मे यह बताता है कि कैसे भगत सिंह ने ब्रितिश राज के खिलाफ और भरतीय स्वतंत्रता के प्रति अपने विचार और रुचि को विकसित किया.

**उपकार- 1967:** 1967 में आई फिल्म 'उपकार'देशभक्ति से ओतप्रोत फिल्म है, जिसे बनाने का उद्देश्य था 'जय जवान, जय किसान' का नारा बुलंद करना. फिल्म की कहानी राधा (कामिनी कौशल) और उसके दो पुत्रों भारत (मनोज कुमार) व पूरन (प्रेम चोपड़ा) की कहानी है. राधा ग्रामीण महिला है जो अपने परिवार को खुशहाल देखना चाहती है. उसकी इच्छा अपने पुत्रों को पढ़ा-लिखा कर बड़ा आदमी बनाने की है. परन्तु वह दोनों की पढ़ाई का भार वहन नहीं कर पाती है.

**मंगल पांडेः द राइजिंग- 2005:** फिल्म 'मंगल पांडेः द राइजिंग' क्रांतिकारी मंगल पांडे की जिंदगी और उनके संघर्षों के इर्द-गिर्द घूमती है. मंगल पांडे को 1857 में ब्रिटिश ऑफीसरों पर हमले के लिए जाना जाता है और इसे अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई का आगाज भी माना जाता है. फिल्म में दर्शाया गया विद्रोह 'भारतीय स्वतंत्रता के प्रथम संग्राम, 'या' सिपाही विद्रोह के रूप में जाना जाता है.

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कल मनाई जाएगी कृष्णाय वासुदेवाय हरये परमात्मने...

जयतिलक अरविंद



श्रीकृष्ण साक्षात परब्रह्म और ईश्वर हैं. संसार के समस्त पदार्थों के बीज उन्हीं में निहित है. वे नित्यों के नित्य और जगत के सूत्रधार हैं. शास्त्रों में उन्हें साक्षात व साकार ईश्वर कहा गया है. कुरुक्षेत्र में उन्होंने मोहग्रस्त अर्जुन को गीता का ज्ञान दिया. कर्म का वह महामंत्र प्रदान किया जो मानव जाति के लिए पथ-प्रदर्शक है. उन्होंने गीता में नश्वर भौतिक शरीर और नित्य आत्मा के मूलभूत के अंतर को समझाया है. कहा है कि आत्मा अजर और अमर है. जिस प्रकार मनुष्य पुराने वस्त्रों को छोड़कर नए वस्त्रों को ग्रहण करता है, उसी प्रकार आत्मा जीर्ण शरीर को त्यागकर नए शरीर में प्रवेश करती है. अतः मनुष्य को फल की चिंता किए बिना कर्तव्य का पालन करना चाहिए. श्रीकृष्ण ने निराशा के भंवर में फंसे संसार को सफलता और असफलता के प्रति समान भाव रखकर कार्य करने की प्रेरणा दी है. उन्होंने इसे कर्मयोग कहा है. श्रीकृष्ण के उपदेश गीता के अमृत वचन हैं. संसाररुपी भवसागर से पार उतरने की औषधि है. गीता के उपदेश से ही अर्जुन का संकल्प जाग्रत हुआ और कुरुक्षेत्र में खड़े बंधु-बांधवों से मोह दूर हुआ. तदोपरांत ही वे अधर्मी और दुर्बल हृदय वाले कौरवों को पराजित करने में सफल हुए. कौरवों की हार महज पांडवों की विजय भर नहीं बल्कि धर्म की अधर्म पर, न्याय की अन्याय पर और सत्य की असत्य पर जीत है.

श्रीकृष्ण ने गीता में धर्म-अधर्म, पाप-पुन्य और न्याय-अन्याय को सुस्पष्ट किया है. उन्होंने धृतराष्ट्र पुत्रों को अधर्मी, पापी और अन्यायी तथा पाडुं पुत्रों को पुण्यात्मा कहा है. उन्होंने संसार के लिए क्या ग्राहय और क्या त्याज्य है उसे भी भलीभांति समझाया है. श्रीकृष्ण का उपदेश ज्ञान, भक्ति और कर्म का सागर है. भारतीय चिंतन और धर्म का निचोड़ है. सारे संसार और मानव जाति के कल्याण का मार्ग है. विश्व के महानतम वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने भी कहा है कि श्रीकृष्ण के उपदेश अद्वितीय है. उसे पढ़कर मुझे ज्ञान हुआ कि इस दुनिया का निर्माण कैसे हुआ. महापुरुष महात्मा गांधी ने कहा है कि जब कभी मुझे परेशानी घेरती है, मैं गीता के पन्नों को पलटता हूं. महान दार्शनिक श्री अरविंदों ने कहा कि भगवद्गीता एक धर्मग्रंथ व एक किताब न होकर एक जीवन शैली है, जो हर उम्र को अलग संदेश और हर सभ्यता को अलग अर्थ समझाती है. श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया गया उपदेश मानव इतिहास की सबसे महान सामाजिक, धार्मिक, दार्शनिक और राजनीतिक वार्ता है. संसार की समस्त शुभता इसी में विद्यमान है. श्रीकृष्ण का उपदेश जगत कल्याण का सात्विक मार्ग है. श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र में खड़े अर्जुन रुपी जीव को धर्म, समाज, राष्ट्र, राजनीति और कुटनीति की शिक्षा दी है. प्रजा के प्रति शासक के आचरण-व्यवहार और कर्म के ज्ञान को उद्घाटित किया है. श्रीकृष्ण के उपदेश कालजयी और संसार के लिए कल्याणकारी है. युद्ध और विनाश के मुहाने पर खड़े संसार को संभलने का संबल है. अत्याचार को किस तरह सात्विक बुद्धि से हराया जा सकता है उसका प्रत्यक्ष प्रमाण है. महाभारत से स्पष्ट है कि श्रीकृष्ण ने अर्जुन का सारथि बनकर न्याय और सत्य का पक्ष लिया. अन्याय का प्रतिकार किया. श्रीकृष्ण का संपूर्ण जीवन अत्याचार और अहंकार के खिलाफ एक मानवीय और दैवीय संघर्ष है.

बाल्यावस्था से ही श्रीकृष्ण अलौकिक थे. उनकी अलौकिकता में ही जगतकल्याण की भावना निहित है. कभी वह अपनी बांसुरी के मधुर स्वर से सभी को आत्मिक सुख प्रदान करते दिखे तो कभी कंस के अत्याचारों से गोकुलवासियों की रक्षा करते दिखे. कभी वह गोवर्धन पर्वत को ऊंगली पर उठा इंद्र के दर्प को चकनाचूर करते दिखे तो कभी मित्र सुदामा के आगे संपूर्ण सत्ता वैभव को समर्पित करते दिखे. कभी वह समाज की रक्षा के लिए कालिया दमन करते दिखे तो कभी कंस, जरासंध और शिशुपाल जैसे अहंकारी शासकों का विनाश करते दिखे. कभी ग्वाल-बालों के साथ प्रेम लड़ाते दिखे तो कभी गोपियों के संग रास रचाते दिखे. श्रीकृष्ण का जीवन त्याग, प्रेम और समर्पण का अनुकरणीय उदाहरण है. अत्याचार और अहंकार के खिलाफ जनजागरण है. कर्म, सृजन और संकल्प का आदर्श संदर्भ है. श्रीकृष्ण बंधी-बधाई धारणाओं और परंपराओं को जो राष्ट्र-समाज के लिए अहितकर है उसे तोड़ डाला. यही नहीं तत्कालीन निरंकुश शासकों की भोगवादी वर्चस्व के खिलाफ भी आवाज बुलंद की और जनता को अत्याचार के विरुद्ध लड़ने का संदेश दिया. श्रीकृष्ण का मनुष्यों और प्राणियों के प्रति सकारात्मक एकात्मभाव था. उनकी हर क्रिया में जगत का कल्याण निहित है. श्रीकृष्ण ध्वंस और निर्माण, क्रोध और करुणा, पार्थिकता और आध्यामिकता, सगुण और निर्गुण, राजनीति, साहित्य और कला सबके समग्र रुप हैं. नारियों के प्रति उनका सम्मान आधुनिक संसार के लिए सुंदर उदाहरण है. श्रीकृष्ण ने कौरवों की सभा में द्रौपदी की लाज की रक्षा की. श्रीकृष्ण ने संसार को संदेश दिया कि दुर्योधन, कर्ण, विकर्ण, जयद्रथ, कृतवर्मा, शल्य, अश्वथामा जैसे अहंकारी और अत्याचारी जीव राष्ट्र-राज्य के लिए शुभ नहीं होते. ऐसे शासक सत्ता और ऐष्वर्य के लोभी होते हैं.

धृतराष्ट्र सिर्फ जन्म से ही अंधा नहीं था बल्कि वह आध्यात्मिक और नैतिक दृष्टि से भी अंधा था. उसका सत्तामोह और पुत्र के प्रति आसक्ति का परिणाम रहा कि हस्तिनापुर विनाश को प्राप्त हुआ. धृतराष्ट्र तथा उसके स्वार्थी-अभिमानी पुत्रों में ये सभी अवगुण विद्यमान थे. श्रीकृष्ण ने गीता में विष देने वाला, घर में अग्नि लगाने वाला, घातक हथियार से आक्रमण करने वाला, धन लूटने वाला, दूसरों की भूमि हड़पने वाला और पराई स्त्री का अपहरण करने वाले जैसे राजाओं को अधम और आततायी कहा है. धृतराष्ट्र के पुत्र ऐसे ही थे. सत्ता में बने रहने के लिए वे सदैव पांडु पुत्रों के विरुद्ध षड़यंत्र रचा करते थे.

अनेक बार उनकी हत्या के प्रयत्न किए. श्रीकृष्ण ने ऐसे पापात्माओं और नराधमों को वध के योग्य कहा है. साथ ही समाज को प्रजावत्सल शासक चुनने का संदेश भी दिया है. अहंकारी, आततायी, भोगी और संपत्ति संचय में लीन रहने वाले आसुरी प्रवत्ति के शाासकों को राष्ट्र के लिए अशुभ और आघातकारी माना है. कहा है कि ऐसे शासक प्रजावत्सल नहीं सिर्फ प्रजाहंता होते हैं. युद्ध और विनाश के मुहाने पर खड़ा आधुनिक संसार श्रीकृष्ण के उपदेशों पर अमल करके ही समाज और राष्ट्र की अक्षुण्णता को बनाए रख सकता है. आइए इस पुनीत अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण के उपदेशों को अंगीकार कर एक मानवतावादी समाज का निर्माण करें.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर 8210075897

**मेष :** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे. व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी. माता पक्ष से विशेष लाभ. शुभांक-1-3-6

**वृष :** संतोष से सफलता मिलेगी. नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी. शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी. जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा. शुभांक-4-6-8

**मिथुन :** मनोरथ सिद्घ होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहे. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे. धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा. शुभांक-2-5-7

**कर्क :** स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा. संतोष रखने से सफलता मिलेगी. नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी. शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी. जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी. शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा. शुभांक-5-7-8

**सिंह :** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे. लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी. रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है. आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी. शुभांक-1-2-5

**कन्या :** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा. ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा. व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. शुभांक-3-5-7

**तुला :** महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें. रूकावटें आएंगी. कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे. किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा. जल्दबाजी में कोई भूल संभव है. कार्य भार बढ़ेगा. स्वविवेक से कार्य करें. वैचारिक उत्तेजना पर नियत्रंण रखें. शुभांक-5-6-8

**वृश्चिक :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं. खान-पान में सावधानी रखें. अच्छे समय का इन्तजार करें. कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें. नैतिक दायरे में रहें. शुभांक-2-5-7

**धनु :** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें. रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी. यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. राजकीय कार्यों से लाभ. मनोबल ऊंचा रखें. शुभांक-5-6-7

**मकर :** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे. अपने काम को प्राथमिकता से करें. आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे है. कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा. शुभांक-5-7-8

**कुंभ :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं. निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा. अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे. अभिष्ट कार्य सिद्घ होंगे. बुरी संगति से बचें. सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी. वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे. शुभांक-5-7-8

**मीन :** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे. अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा. पुरानी गलती का पश्चाताप होगा. स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करें. वरना नुकसान हो सकता है. शांतिपूर्वक कार्य करें. शुभांक-1-4-5

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



**रवि कुमार**

रातू, अंचल पदाधिकारी

---

GYANODAY VIDYALAYA

Producing Rankers is our Habit

Shivansh Singh — RIMC Dehradun, Sainik School Gopalganj, RMS Bengaluru and SOF Olympiads, AISSEE - 2024 Class - IX AIR - 23, CHBS- BHU - 2024, Class - I

Yash Raj — AISSEE - 2025 - Class - VI, Ramakrishna Mission Vidyapith Entrance Exam - 2025

Anjali Kumari — AISSEE - 2025 Class - IX, Score - 380/400

2025

हार्दिक शुभकामनाएं

School Integreted Program (SIP) curated for IIT-JEE | NEET | NDA

---

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं




डिवाइन ओंकार मिशन, रामगढ़

---

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

LKCRMS

Lady K. C. Roy Memorial School

कर्तव्य • पराक्रम • संस्कृति • करुणा

---

राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट द्वारा संचालित:

राधा गोविंद विश्वविद्यालय, रामगढ़।

राधा गोविंद इंटर कॉलेज,रामगढ़।

राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल रामगढ़।

राधा गोविंद हाई स्कूल रामगढ़।

की ओर से समस्त देशवासियों को 15 अगस्त 2025 के शुभ अवसर पर 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।

बैजनाथ साह
मुख्य सेवक

राधा गोविंद शिक्षण संस्थान, रामगढ़, झारखंड

---

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



**कमलेश कुमार सिंह**

प्रभारी मनरेगा बीपीओ, बरवाडीह, लातेहार

---

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



**निर्मला वीरेंद्र भगत**

अध्यक्ष जिला परिषद रांची

---

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

कार्यालय-प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा (लातेहार)

पहले 06 महीने ना करना कोई बहाना मुझे सिर्फ मां का दूध ही पिलाना।

घर-घर तक यह फैलाना है, भारत को आयुष्मान बनाना है।

बीमारी से न होगी लाचारी, सबकी होगी अब मुफ्त उपचारी

---

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



**बालदेव परहिया**

मुखिया

चुंगरु पंचायत बरवाडीह

---

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



**उमेश दुबे**

वन क्षेत्र पदाधिकारी
बेतला, बरवाडीह

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

GRIZZLY COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCE

Affiliated to Jharkhand State Paramedical Council, Ranchi

DMLT | Diploma in X-Ray Tech. | Diploma in O.T. Tech. | Certificate of Dresser

URWAN, DIST. KODERMA - 825409

MOB.: 7070098731, 7070098762

---

डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल, सी.सी.एल.
एन.टी.एस.बरकाकाना (रामगढ़)
की ओर से
७९वीं स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएँ

मो० मुस्तफा मजीद
प्राचार्य

---

SOUTH POINT PUBLIC SCHOOL

Affiliated to CBSE, New Delhi

Bundu (Ranchi)



Wishing you all Happy Independence Day

BUNDU SUBDIVISION TOPPER

96.6%



PRIYANSHU DAS

SALIENT FEATURES
- Excellent Educational Environment
- Co-Curricular Activities
- Big Computer Lab
- Specious Library
- Smart Board Learning
- CCTV Surveillance
- Special Classes for Weak Students
- Regular Music & Art Classes
- Well Equipped Science Lab
- Exposure to Nation Level Competition
- Full Time Instructor for Games
- Well Qualified and Experienced Teacher

www.sppsbundhu.com | sppsbundhu@gmail.com

8271232288, 7033993399

स्वतंत्रता दिवस के 79वें दिवस पर देशवासियों को ढ़ेर सारी शुभकामनाएं सुभाष कुमार पाटनी, प्राचार्य

---

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



**विकाश कुमार यादव**

जेएमएम प्रखंड उपाध्यक्ष
रिमी, लावालौंग)

---

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



**श्री अवधेश कुमार यादव**

जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष
रिमी, लावालौंग

---

RAJ INTERNATIONAL SCHOOL, KODERMA

HAPPY INDEPENDENCE DAY



---

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



**अजय टोप्पो**

वन क्षेत्र पदाधिकारी
बरवाडीह

---

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



**प्रदीप प्रकाश**

---

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



**श्री लालमोहन यादव**

रिमी पंचायत समिति

---

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



**दीपक उराँव**

प्रदेश महामंत्री, भारतीय किसान संघ झारखण्ड

---

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



**मुरारी गुप्ता**

अध्यक्ष रातू पान विक्रेता संघ

---

समस्त नागरिकों एवं लोहरा समाज को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं व बधाई



**सुनील लोहरा**

रातू प्रखण्ड अध्यक्ष, आदिवासी लोहरा समाज सह, भूतपूर्व सैनिक

---

स्वतंत्रा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मानसिक विकारों एवं रिनपास में उपलब्ध सेवाओं से संबंधित जानकारी के लिए

Helpline No : 9471136697
14499
18003454060

रिनपास का गौरवशाली

100 YEARS
1925 - 2025

Speciality Clinics at J.E. Dhunjibhoy Academic and Research Centre, RINPAS
1. Tele Mental Health Centre (Toll Free Helpline No. 14499)
2. Child and Adolescent Guidance OPD Centre
3. Child and Adolescent Psychiatry OPD Centre
4. Psychological Advice Centre
5. Psychosocial Advice Centre

DIGITAL ACADEMY

झारखण्ड सरकार

रॉंची तंत्रिका मनोचिकित्सा एवं सम्बद्ध विज्ञान संस्थान

रिनपास

कांके, रॉंची- 834006

सन् 1925 से सेवारत्

मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सा के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान

आत्महत्या रोकथाम हेल्पलाइन

अपनी समस्याओं के समाधान एवं अन्य जानकारी के लिए
HELPLINE NO. 9471136697
पर संपर्क करें.

रिनपास में मानसिक रोग से ग्रसित व्यक्तियों को भर्ती कर उनके उपचार करने की सुविधा भी उपलब्ध है।

वाह्य चिकित्सा विभाग की सुविधाएं

- मानसिक बीमारियों का इलाज
- आँख एवं दाँत से संबंधित बीमारियों की जाँच एवं इलाज
- सामान्य बीमारियों का इलाज, फिजीओथेरेपी
- मिर्गी एवं नशा मुक्ति के संबंध में चिकित्सकीय परामर्श एवं इलाज
- वैवाहिक जीवन में उत्पन्न तनाव, उलझनों एवं विविध समस्याओं के लिए परामर्श
- स्त्री रोग से संबंधित महिलाओं का इलाज स्त्री रोग विशेषज्ञ के द्वारा किया जाता है
- बाल एवं किशोर परामर्श

दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के तहत बौद्धिक दिव्यांगता (Intellectual Disability), विनिर्दिष्ट विद्या दिव्यांगताओं (Specific Learning Disability), स्वपरायणता स्पेक्ट्रम विकार (Autism), मानसिक रोग (Mental illness) के प्रमाण पत्र के मूल्यांकन की सुविधा रिनपास में उपलब्ध है।

रिनपास में मानसिक बीमारियों के एवं नशामुक्ति निःशुल्क उपचार के लिए निम्नलिखित सुविधाएं उपलब्ध है

- तनाव प्रबंधन और मनोदैहिक क्लिनिक
- वैवाहिक और परिवार परामर्श क्लिनिक
- महिला मानसिक स्वास्थ्य क्लिनिक
- नशामुक्ति क्लिनिक (दवा और प्रौद्योगिकी)
- वृद्धावस्था मानसिक स्वास्थ्य क्लिनिक
- बाल और किशोर मार्गदर्शन क्लिनिक
- मनोसामाजिक मार्गदर्शन क्लीनिक
- कानूनी सलाहकार केंद्र
- आत्महत्या रोकथाम सहायता केंद्र

आम जनता से आग्रह है कि रिनपास में उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठायें

- One Stop Crisis Center (सखी) प्रताड़ित महिलाओं की सेवा में 24 घंटे तत्पर। (महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित)
- विधिक, शारीरिक मनोवैज्ञानिक सहायता निःशुल्क उपलब्ध।
- संस्थान में आधुनिक सुविधाओं के लिए पेइंग वार्ड की भी व्यवस्था है।

अति अल्प दर पर रिनपास में जाँच की सुविधाएं

- आम पैथोलॉजी जाँच अत्याधुनिक कम्प्यूटरीकृत यंत्रों द्वारा अति अल्प समय में।
- विभिन्न तरह के मनोवैज्ञानिक जाँच जैसे बुद्धि परीक्षण व्यवसायिक अभिरुचि परीक्षण, डायग्नोस्टिक परीक्षण इत्यादि।
- बायोफीडबैक एवं इलेक्ट्रॉन मशीन द्वारा नींद न आना, हमेशा सिर दर्द रहना, मानसिक तनाव, यौन संबंधी बीमारी का इलाज।

मानसिक रोगियों के लिए निःशुल्क दवा उपलब्ध | BPL मरीजो के लिए सभी प्रकार की जाँच एवं इलाज की मुफ्त सुविधा उपलब्ध है।

रिनपास, काँके, राँची-834006 | www.rinpas.nic.in | director-rinpas@jharkhandmail.gov.in | @director_rinpas

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**सुन्नी मल्होत्रा**
मनरेगा कनीय अभियंता
बरवाडीह, लातेहार

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**रामनाथ यादव**
प्रखंड खाद्य आपूर्ति
पदाधिकारी, बरवाडीह

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**असलम अंसारी**
प्रवक्ता रातू प्रखंड झारखंड
मुक्ति मोरचा अध्यक्ष मानव
सहयोग समिति,रातू

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**शिव कुमार साव**
युवा अध्यक्ष झारखंड
प्रदेश भारतीय
किसान संघ

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**संजय कुमार**
मनरेगा कनीय
अभियंता, बरवाडीह

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**प्रेम सिंह (पिंटू)**
विधायक प्रतिनिधि
बरवाडीह

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**पंकज कुमार यादव**
उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय
झरदाग, प्रधानाध्यापक
लावालौंग चतरा)

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**श्रीमती सुगी देवी**
रिमी पंचायत मुखिया

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**राकेश रंजन**
आरपीएफ इंस्पेक्टर,
बरवाडीह

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**आशीष सिंह**
मुखिया संघ अध्यक्ष
सह मुखिया, मरवाईकला
बरवाडीह

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**राहुल कुमार**
निर्देशक : यशोदा इंडियन गैस
एजेंसी चंदवारा, कोडरमा

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**बालदेव परहिया**
मुखिया
चुंगरु पंचायत बरवाडीह

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**संतोषी शेखर**
जिला परिषद सदस्य
पश्चिमी क्षेत्र, बरवाडीह

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**आदित्य कुमार**
टीम लीडर नगर पंचायत
लातेहार, बरवाडीह

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**मंजू देवी**
मुखिया बेतला
पंचायत, बरवाडीह

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**अजय टोप्पो**
वन क्षेत्र पदाधिकारी
बरवाडीह

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**हजारी प्रसाद मोदी**
लोकहित अधिकार पार्टी
प्रधान महासचिव ,
झारखंड प्रदेश

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**संजीत कुमार साव**
निदेशक, ग्लोबल विजडम
पब्लिक स्कूल,
नवलशाही, कोडरमा

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**डॉ स्वपन विश्वास**
चांदसी दवाखाना, नवलशाही,
डोमचांच, कोडरमा।

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**रवि भूषण प्रसाद**
सदर कोडरमा| अंचल अधिकारी

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**मृत्युंजय शर्मा**
चुनाव प्रबंधन प्रमुख
झारखंड भाजपा

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**शकुंतला देवी**
उप मुखिया, बछेडीह पंचायत
ताराटांड़, नवलशाही
डोमचांच, कोडरमा

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**जयप्रकाश मेहता**
-:निदेशक:-
विवेकानंद आइडियल पब्लिक
स्कूल, धरगांव, नवादा,
डोमचांच, कोडरमा।

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**डॉ सुजीत कुमार कश्यप**
प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रातू, रांची

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**निर्भय मेहता**
समाजसेवी सह
व्यवसायी, बेहराडीह,
डोमचांच, कोडरमा

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**राकेश कुमार उर्फ रिंकू साव**
राम स्टोन चिप्स प्रोपराइटर
नवलशाही, डोमचांच, कोडरमा।

**कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद**
**झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा**

झुमरी तिलैया नगर परिषद् स्वतंत्रता दिवस- 2025 के अवसर पर सभी नगरवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए यह अपील करती है कि :-

शहर को साफ एवं स्वच्छ रखने में सहयोग करें एवं हेल्प हाईन (मोबाईल) नं. 89876 58581 पर साफ-सफाई व अन्य विषयों की शिकायत दर्ज करवायें।
सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें। यह पूर्णतः प्रतिबंधित है।
नियमित रूप से होल्डिंग टैक्स (Holding Tax), वाटर यूजर चार्ज (Water User Charge) सहित अन्य करों का भुगतान करें एवं जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें।
व्यवसायिक प्रतिष्ठान संचालक ट्रेड अनुज्ञप्ति (Trade Licence) आवश्य लें. साथ ही ससमय नवीनीकरण करवायें।
शहर में सभी प्रकार के विज्ञापन प्रदर्शित करने के पूर्व नगर परिषद् से अनुमति लेना अनिवार्य हैं।
धर्मशाला, विवाह भवन / बैंक्वेट हॉल, लॉज, हॉस्टल संचालक नगर परिषद् से अनुज्ञप्ति (Licence) लें. साथ ही ससमय नवीनीकरण करवायें।

**सफाई अपनाओ**
**बीमारी भगाओ**

**प्रशासक**
**झुमरी तिलैया नगर परिषद्**

ज्ञापांक 1300 दिनांक 11/08/2025

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**बेलाल अंसारी**
संयोजक मंडली के प्रमुख
झामुमो रातू प्रखण्ड

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**शशि भूषण कुमार**
थाना प्रभारी
नवलशाही थाना, कोडरमा

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**पवन कुमार दास**
निदेशक : संस्कार
पब्लिक स्कूल
नवलशाही, कोडरमा

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**इमरान खान**
अध्यक्ष
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, रांची
जिला ग्रामीण

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**रमाशंकर पाल**
कृषि विशेषज्ञ
नवलशाही, कोडरमा

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**इकबाल अंसारी**
समाजसेवी सह राजद नेता
पहाड़पुर, नवलशाही,
डोमचांच, कोडरमा

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं




निराला अस्पताल
लोहरदगा रोड कुम्हारटोली गुमला

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

डा. रुद्र कश्यप
नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ
सह जनरल फिजिशियन
प्रतीक जांच घर & रोहित मेडिकल हाल
परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम
सदर अस्पताल रोड गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीधर ज्ञान संस्थान
कौशल प्रशिक्षण केंद्र, गुमला व रांची
रोजगार के लिए राज्य सरकार की ओर से निःशुल्क प्रशिक्षण की सुविधा
- सुरक्षा गार्ड
- ड्राइविंग
- सिलाई
- डाटा इंट्री आपरेटर

निवेदक
रांची सिक्यूरिटी प्राइवेट लिमिटेड
*9234012016 *7909038201 *7070394888

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं




राजकुमार साहु
करौंदी गुमला



समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
कंचन राइस मिल
दीपक साहु
डीके मार्ट करौंदी रोड गुमला

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



बॉबी भगत
प्रदेश उपाध्यक्ष महिला कांग्रेस झारखंड



समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
होटल बिंदेश व चूल्हानी रेस्टोरेंट
विनय लाल
भाजपा अध्यक्ष गुमला जिला

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



कमलेश उरांव
पूर्व विधायक गुमला

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



शिव शंकर उरांव
पूर्व विधायक सह अध्यक्ष
प्रदेश भाजपा एसटी मोर्चा

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
MY भारत
मेरा युवा BHARAT
विश्वेश्वर मुंडा
कार्यक्रम समन्वयक नेहरु युवा केंद्र गुमला



समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सुदर्शन भगत
पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



मनीष लाल
विधायक प्रतिनिध सिमडेगा
हिंदुस्तान डेयरी व मिष्ठान

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



संजय कुमार सिंह
श्री कृष्णा स्टील
पालकोट रोड गुमला

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



मनमोहन सिंह
सेवानिवृत्त शिक्षक
सह चीफ आफिसर
46 झारखंड बटालियन
एनसीसी गुमला

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



चैतु उरांव
जिला अध्यक्ष
कांग्रेस कमेटी
गुमला जिला

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



हरजीत सिंह
पूर्व वार्ड पार्षद
गुमला नगर परिषद

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



सुरेश कुमार मंत्री
अध्यक्ष
श्री चैती दुर्गा पूजा समिति
गुमला

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



मुख्तार आलम
अध्यक्ष
असंगठित कामगार कांग्रेस
सह बीस सूत्री सदस्य गुमला

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



प्रदीप कुमार साहु
समाजसेवी तर्री गुमला




समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
गोपाल शर्मा
डीएसपी रोड गुमला

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



मानिक चंद साहु
उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी
जिला कांग्रेस कमेटी गुमला

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



संतोष कुमार सिंह
अंबिका टेंट हाउस

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



श्रीमती शैल मिश्रा
पूर्व पार्षद
गुमला नगर परिषद

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



देवकी देवी
अध्यक्ष
जिला रसोइया संयोजिका
अध्यक्ष संघ गुमला

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



मुनेश्वर साहु
प्रदेश मंत्री भाजपा
सोनालिका ट्रैक्टर, लोहरदगा रोड गुमला

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



दिलीप नाथ साहु
अध्यक्ष जिला आजसू पार्टी
अध्यक्ष जिला सूड़ी समाज गुमला

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



सुरेश सिंह
अध्यक्ष अखिल भारतीय
क्षत्रिय महासंघ गुमला

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



संदीप कुमार
संवेदक
पीएचईडी ,गुमला

स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ
गुमला पोलिटेक्निक कॉलेज
9065526251 / 52 / 53 / 54

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



अशोक गुप्ता
सामाजिक कार्यकर्ता गुमला

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



नरेश उरांव
मुखिया
फसिया पंचायत

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



नवीन सिंह
देव शांति फ्यूल एंड
दुंदुरिया स्टोन
लोहरदगा रोड गुमला




# कुल्लू, किन्नौर, लाहौल स्पीति और शिमला जिले में बहे पुल और वाहन, कई गांव खाली कराए गए

एजेंसी ।शिमला

हिमाचल प्रदेश में बादलों ने भारी तबाही मचाई है. बीती रात कुल्लू, किन्नौर, लाहौल स्पीति और शिमला जिले में बादल फटने से कई पुल और वाहन बह गए. मकान और दुकानें धराशायी हो गए. इस दौरान सार्वजनिक व निजी संपत्ति को बड़ा नुकसान पहुंचा. गनीमत रही कि अभी तक जनहानि की सूचना नहीं है. प्रशासन ने खतरे वाले इलाकों से ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा है. मौसम विज्ञान विभाग ने आज चंबा, कांगड़ा और मंडी जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की चेतावनी जारी की है.

कुल्लू जिला के बंजार उपमण्डल, मंडी जिला के गोहर उपमण्डल, शिमला जिला के जुब्बल उपमण्डल और ऊना जिले में सभी शिक्षण संस्थानों में आज अवकाश घोषित किया गया है. कुल्लू जिला के बंजार घाटी के बठाहड़ में कल शाम बादल फटने से आई बाढ़ में कई घरों को नुकसान हुआ. बंजार के टिल्ला और दोगड़ा पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि पांच गाड़ियां बह गईं. चार कॉटेज भी क्षतिग्रस्त हुए हैं. जिला के निरमण्ड उपमण्डल में कुरपन खड्ड उफान पर है, जिसके चलते बागी पुल बाजार खाली करवा लिया गया है. तीर्थन घाटी और बागीपुल के पास भी खतरे वाले सभी क्षेत्रों को खाली करवा कर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है. जनजातीय जिला किन्नौर के सीमावर्ती क्षेत्र ऋषि डोगरी घाटी के ऊपरी हिस्से में बादल फटने से आई बाढ़ सतलुज नदी पर बने पुल को बहा ले गई. इस घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया. होजो लुंगपा नाले में बाढ़ आने से सीपीडब्ल्यूडी के तहत गंगथांग-ब्रालाम की ओर चल रहा सड़क निर्माण कार्य पूरी तरह ठप हो गया है. पूह गांव की उठाऊं पेयजल योजना को नुकसान पहुंचा है और एक निजी कंपनी का परिसर जलमग्न हो गया. सतलुज नदी में जलस्तर और मलबा बढ़ने से करछम वांगतु नाथपा बांध के द्वार खोल दिए गए हैं. भारी बारिश के चलते पागल नाला, नाथपा और निगुलसरी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग बाधित हो गया है. जनजातीय जिला लाहौल स्पीति की मयाड़ घाटी में बादल फटने करपट गांव खतरे की जद में आ गया. प्रशासन ने गांव के करीब दो दर्जन परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा है. शिमला जिले के कुल्लू से सटे सीमावर्ती रामपुर उपमंडल के पंद्रह बीस क्षेत्र की नंटी खड्ड में पहाड़ों पर बादल फटने से आई बाढ़ में चार पुल, दो मकान, पांच दुकानें, दो शेड, सेब के बगीचे और कृषि भूमि बह गई. सात मकानों, पांच दुकानों, सात शेड और एक छोटे बिजली प्रोजेक्ट को भी नुकसान हुआ है.

## जम्मू-कश्मीर: किश्तवाड़ में फटा बादल, 40 लोगों की मौत

एजेंसी ।जम्मू

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के चिशोती गांव में बादल फटने की घटना सामने आई है, जिसमें जान-माल की क्षति की आशंका है. यह घटना मछेल माता यात्रा के मार्ग पर स्थित पदर उपखंड में हुई है. बचाव कार्य जारी है. प्रशासन ने स्थिति का जायजा लेने के लिए टीमों को भेजा है. 40 लोगों की मौत की हो गयी है और लगभग 100 से ज्यादा लोग घायल हैं. जानकारी के अनुसार, बादल फटने की घटना के बाद चिशोती गांव में अचानक बाढ़ आ गई, जिससे कई घरों को नुकसान पहुंचा है. अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन जान-माल की क्षति की आशंका है. जिला प्रशासन और एनडीआरएफ की टीमें बचाव कार्य में जुटी हुई हैं. दोनों पुल, लकड़ी का पुल और पीएमजीएसवाई पुल, क्षतिग्रस्त हो गए हैं. किश्तवाड़ के उपायुक्त पंकज कुमार शर्मा ने बताया कि चशोती इलाके में अचानक बाढ़ आ गई है, जो मचैल माता यात्रा का प्रारंभिक बिंदु है. बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है. स्थिति पर नजर रखी जा रही है. विपक्ष के नेता सुनील कुमार शर्मा और स्थानीय विधायक ने घटनास्थल का दौरा किया है और राहत कार्यों की निगरानी कर रहे हैं. अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन प्रशासन स्थिति का जायजा लेने में जुटा हुआ है.













स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार**).
आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.